झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–10.10.2018

- **35 हजार करोड़ की लागत से राज्य की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है - रघुवर दास, मुख्यमंत्री**
- **रामगढ़ के बाद बोकारो बना झारखण्ड का दूसरा जिला जहां हर घर पहुंची बिजली**
- **मुख्यमंत्री ने पेटरवार में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना एवं सौभाग्य योजना अंतर्गत बोकारो जिला के शत प्रतिशत घरों में पूर्ण विद्युतीकरण की घोषणा की**

पेटरवार, बोकारो/रांची- मुझे आज भी वह पल याद है जब चंदनकियारी की एक बहन ने कहा था। आप तो पंखा में रहते हैं और हमसब यहां बिजली के बिना नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। उसी दिन मैंने संकल्प लिया था कि लोगों की इस पीड़ा को मैं जरूर दूर करूंगा। वह वो दिन था और यह आज का दिन है जब चंदनकियारी के 65 बिजली विहीन गांव के हर घर तक बिजली पहुंच गई। साथ ही बोकारो जिला का प्रत्येक घर पूर्णरूप से विद्युत से आच्छादित हो गया। साथ ही रामगढ़ के बाद बोकारो झारखण्ड का पूर्ण विद्युतीकरण जिला बन गया। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कही। श्री दास बुधवार को हाई स्कूल मैदान पेटरवार में आयोजित विकास मेला के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना एवं सौभाग्य योजना अंतर्गत बोकारो जिला के शत प्रतिशत घरों में पूर्ण विद्युतीकरण के कार्य की घोषणा किया। 571 करोड की योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन करते हुए श्री रघुवर दास ने कहा कि 2021 तक बिजली के मामले में झारखण्ड आत्मनिर्भर बन देश को प्रकाशमान करेगा। उन्होंने कहा कि आध्यत्मिक पर्व का शुभारंभ हो चुका है। इस अवसर पर जनजीवन को ऊर्जा प्रदान करने और बोकारो को ऊर्जावान जिला यानि ऊर्जा से आच्छादित जिला घोषित करते हुए आत्मिक खुशी हो रही है। जनसहयोग से राज्य सरकार ने बिजली के क्षेत्र में लंबी लकीर खींच दी है।

बिजली और सड़क होगी तो विकास होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 35 हजार करोड़ रूपये राज्य की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च कर रही है। 20 हजार करोड़ ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु व्यय हो रहें हैं। 15 हजार करोड़ ग्रिड निर्माण में वहन हो रहा है। राज्य सरकार ने 30 लाख विद्युतविहीन घरों में से 23 लाख घरों तक बिजली पहुंचा दी। जो कार्य 67 साल में नहीं हुआ वह हमने साढ़े तीन साल में पूरा किया। 247 सुदूरवर्ती क्षेत्र में निवास कर रहे अनुसूचित जाति व जनजाति के घरों तक सोलह लाइट से आच्छादित किया। आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब आजादी के 67 साल बाद 80 ग्रिड का निर्माण हो रहा है। जबकि 67 साल में 38 ग्रिड का ही निर्माण हो सका था। पतरातू में 4 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के मई जून तक हम विद्युत की और बेहतर व्यवस्था देने में सक्षम होंगे। आगामी 15 नवंबर को राज्य के अन्य 5 जिलों को पूर्णतया विद्युत से आच्छादित जिला घोषित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की योजना किसानों , उद्यमियों और आम जनता के लिए अलग अलग फीडर की व्यवस्था की है। इस के लिए लगातार कार्य हो रहा है। सभी को उनकी जरूरत के अनुरूप बिजली प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड में तिलका मांझी कृषि योजना लागू होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खुले में शौच से मुक्त झारखण्ड निर्माण की ओर राज्य बढ़ रहा है। 15 नवंबर को राज्य पूर्ण रूप से खुले में शौच से मुक्त बनेगा। स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर हमें बढ़ना है , इसके लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। सम्मलित प्रयास से ही हमारा यह सपना परिलक्षित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपना गांव स्वस्थ गांव , अपना शहर स्वस्थ शहर की अवधारणा के साथ काम करना है। बुनियादी स्वास्थ्य की समस्या से देश की जनता जूझ रही थी। लेकिन आयुष्मान भारत योजना संजीवनी बन कर आई और देश के जरूरतमंद लोगों को आयुष्मान बना दिया। राज्य सरकार ने झारखण्ड की 85 प्रतिशत लोगों को इस योजना का लाभ दे रही है जल्द बचे हुए 15 % लोग योजना का लाभ ले सकेंगे।

बूढ़ा पहाड़ और सारंडा में उग्रवाद समाप्त अब सफेदपोश अपराधियों की बारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के बूढ़ा पहाड़ और सारंडा जंगल से नक्सलियों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। जन सहयोग से ही यह संभव हो पाया। अब सफेदपोश अपराधियों की बारी है। उनके खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया जाएगा। जो भी विकास विकास विरोधी शक्तियां हैं वह संभल जाये। भ्रष्टाचार पर सरकार सख्त है, जिसका परिणाम है कि अबतक करीब 350 भ्रष्टाचारी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के हत्थे चढ़ चुके हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 252 सखी मंडल के बीच 37.80 लाख का व 358 महिला मंडल को बैंक लिंकेज के तहत 3.58 करोड़ का चेक सौंपा। उग्रवादी हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। नियुक्ति पत्र पाने वालों में बेरमो के खेमलाल कुमार को शिक्षा विभाग , श्यामलाल पटेल को स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति संबंधी पत्र सौंपा। श्रीमती राधिका देवी को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन के साथ ही , बोकारो को पूर्ण विद्युतीकरण जिला घोषित होने के पीछे शामिल लोगों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। श्री दास ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ देते हुए पेटरवार के दशरथ महतो को 23, 782 रुपए का चेक सौंपा। बोकारो के उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरनवाल को भी संपूर्ण विद्युतीकरण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री श्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में राज्य में तीव्र गति से विकास का कार्य हो रहा है। बोकारो में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण से उद्योग को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

इस अवसर पर गिरिडीह सांसद श्री रविन्द्र कुमार पांडेय , धनबाद सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह, बोकारो विधायक श्री विरंची नारायण , गोमिया विधायक श्रीमती बबिता देवी, डुमरी विधायक श्री जगरन्नाथ महतो, बेरमो विधायक श्री योगेश्वर महतो, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती सुषमा देवी , जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मण नायक , प्रधान सचिव ऊर्जा विभाग श्री नितिन मदन कुलकर्णी, झारखण्ड बिजली वितरण निगम के एम.डी श्री राहुल पुरवार , पुलिस उप महानिरीक्षक कोयला क्षेत्र श्री प्रभात कुमार, उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल, पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिक एस, उप विकास आयुक्त श्री रवि रंजन मिश्रा सहित जिला के सभी गणमान्य व्यक्ति, पुलिस एवं प्रशासन के लोग के साथ अपार जनसमूह की उपस्थित थी।
==============
#TeamPRD(CMO/BOKARO)